*"यदि आप या आपकी जानकारी में कोई व्यक्ति जुए की समस्या के सँकेत प्रदर्शित करता हो,...*

***तो सहायता उपलब्ध है।"***

SKY CITY

13239 02/2020

R20 GAME RESPONSIBLY

# क्या आपको **सहायता** की आवश्यकता है?

## हमारे ग्राहकों के लिए हमारी प्रतिबद्धता

SKY CITY

## एक जिम्मेदार मेजबान

स्काईसिटी में हम एक मेजबान के रूप में अपनी जिम्मेदारियों को बहुत गंभीरता से लेते हैं: हमारे ग्राहकों की सुरक्षा और कल्याण हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

कुछ लोगों के लिए जुआ नुकसान का कारण बन सकता है जिसमें वित्तीय समस्याएं, भावनात्मक संकट और संबंधों में कठिनाइयाँ शामिल हैं।

यदि आप या आपकी जानकारी में कोई व्यक्ति जुए की समस्या के सँकेत प्रदर्शित करता हो... तो सहायता उपलब्ध है।

## जुए की समस्या

अधिकाँश लोगों के लिए जुआ खेलना मजेदार हो सकता है। लेकिन कुछ लोग अपने जुआ खेलने पर बहुत जल्दी नियँत्रण खो देते हैं (या समय के साथ-साथ) और वे एक समस्या के विकसित होने के प्रारंभिक चेतावनी संकेतों को नहीं पहचान पाते हैं।

जुए की समस्या के नकारात्मक परिणाम जुआ खेलने वाले व्यक्ति, उसके परिवार या दोस्तों, उसके कार्य-नियोक्ता और/या बड़े पैमाने पर समुदाय को प्रभावित कर सकते हैं।

जुआ खेलने के बाद अपराध-भाव या पछतावा या आवश्यकता से अधिक पैसे और/या समय व्यय करने जैसे चेतावनी के सँकेतों की ठीक समय पर पहचान करना महत्वपूर्ण होता है।

अपने व्यक्तिगत अनुभव के आधार पर ईमानदारी के साथ निम्न प्रश्नों का उत्तर देकर आप अपने स्वयं के व्यवहार का आकलन कर सकते/सकती हैं।

यदि आप निम्नलिखित में से तीन या इससे अधिक प्रश्नों का उत्तर "हाँ" में देते/देती हैं, तो हो सकता है कि आप या आपकी जानकारी में किसी अन्य व्यक्ति पर जुआ खेलने का नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है:

- क्या आपके जुआ खेलने से आपके या आपके परिवार को वित्तीय समस्याओं का सामना करना पड़ा है?
- क्या एक बार जुआ खेलने के बाद अपने खोए हुए पैसे वापस जीतने हेतु प्रयास करने के लिए आप एक और दिन वापस जुआ खेलने के लिए गए/गईं?
- क्या आपने इतने पैसे से अधिक का जुआ खेला है जितने का नुकसान आप वहन कर सकते/सकती हैं?
- क्या आपको उत्तेजना की इसी भावना को प्राप्त करने के लिए पैसे की बड़ी मात्रा के साथ जुआ खेलने की ज़रूरत महसूस हुई है?
- क्या आपने जुआ खेलने के लिए पैसे प्राप्त करने हेतु पैसे उधार लिए हैं या कुछ बेचा है?
- क्या आपको ऐसा महसूस हुआ है कि जुआ खेलना आपके लिए एक समस्या बनता जा रहा है?
- क्या जुआ खेलने से आपको किन्हीं स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ा है, जैसे तनाव या चिंता?
- क्या लोगों ने आपके जुआ खेलने की आलोचना की है या आपको यह बताया है कि आप जुआ खेलने की समस्या से ग्रस्त हैं, भले ही आपको यह महसूस हुआ हो कि यह सच नहीं है?
- क्या आपने स्वयँ को अपने जुआ खेलने के तरीके या जुआ खेलने पर क्या होता है, इसके बारे में दोषी महसूस किया है?

यदि आप अपने जुआ खेलने या अपनी जानकारी में किसी अन्य व्यक्ति के जुआ खेलने के बारे में किसी के साथ बात करना चाहते/चाहती हैं, तो आप गैम्बलिंग हेल्पलाइन को 0800 654 655 (स्वतंत्र और गोपनीय 24 घंटे) पर कॉल कर सकते/सकती हैं या वैबसाइट www.gamblinghelpline.co.nz पर ऑनलाइन देख सकते/सकती हैं।

**8006 पर टेक्स्ट भेजें या**
***गैम्बलिंग हेल्पलाइन को कॉल करें***
**0800 654 655**
*(स्वतंत्र और गोपनीय 24 घंटे)*

## परामर्श

एक परामर्श-सत्र में आप किसी व्यक्ति के साथ अपनी चिंताओं के बारे में चर्चा कर सकते/सकती हैं - विशेषकर जुआ खेलने की समस्या के बारे में। एक परामर्शदाता के साथ कार्य करना इस बारे में नहीं होता है कि आपको यह बताया जाए कि क्या करना है - यह आपके लिए सही रणनीतियों और समाधान खोजने के लिए एक रास्ता होता है।

जुआ खेलने की समस्या के लिए परामर्श नीचे सूचीबद्ध संगठनों द्वारा नि:शुल्क और गोपनीय आधार पर उपलब्ध कराया जाता है।

**साल्वेशन आर्मी व्यसन सेवाएँ — गैम्बलिंग** 0800 530 000

**जुआ समस्या फाउंडेशन** 0800 664 262

**एशियन पारिवारिक सेवाएँ** 0800 862 342

**पैसिफिका गैम्बलिंग हेल्पलाइन** 0800 654 657

**माओरी गैम्बलिंग हेल्पलाइन** 0800 654 656

**सामुदायिक मदिरा और मादक पदार्थ सेवा** 09 845 1818

**हपई ते हॉओरा टैपुई** 09 520 4796

**टुपु पैसिफिक मानसिक स्वास्थ्य सेवा** 09 845 1810

**रौकुरा हॉओरा ओ टैनुई** 09 263 8040

## आत्म बहिष्कार

परामर्श संगठनों से मदद प्राप्त करने के अलावा आप या आपकी जानकारी में कोई व्यक्ति स्काईसिटी के आत्म-बहिष्कार कार्यक्रम में भाग ले सकता है।

इस कार्यक्रम के अंतर्गत कोई ग्राहक स्वेच्छा से न्यू ज़ीलैंड के सभी स्काईसिटी कैसिनों से खुद को प्रतिबंधित करने के लिए निवेदन कर सकता है। और अधिक जानकारी के लिए स्काईसिटी का 'स्व बहिष्कार' प्रपत्र देखें।

**स्काईसिटी ऑकलैंड** 0800 स्काईसिटी (0800 759 2489)

**स्काईसिटी हैमिल्टन** 07 834 4900

**स्काईसिटी क्वीन्सटाउन** 03 441 0400

**स्काईसिटी मेजबान जिम्मेदारी**

**ईमेल:** hostresponsibility@skycity.co.nz